चिकित्सा सेवाओं में कोटा प्रदेश का अग्रणी जिला बना : अमित धारीवाल

कोटा जेकेलोन में नवनिर्मित यूनिट का समाजसेवी अमित धारीवाल ने लोकार्पण किया है।

- नई बिल्डिंग में अत्याधुनिक संसाधनों के समावेश के साथ गायनिक, पीडियाट्रिक का ओपीडी शुरू
- अस्पताल में बेड की क्षमता 240 से बढ़कर 400 हो जाएगी

कोटा, (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर कोटा में लगातार चिकित्सा सेवाओं में किए गए विस्तार के प्रोजेक्ट पूर्ण हो रहे हैं इसी कड़ी में सोमवार को जे के लोन अस्पताल के नवनिर्मित मदर एंड चाइल्ड केयर यूनिट का शुभारंभ हुआ।

कांग्रेस नेता अमित धारीवाल ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं एवं संसाधनों से सुसज्जित मातृ एवं शिशु यूनिट का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय सरदाना, अस्पताल अधीक्षक डॉ आशुतोष शर्मा, विभाग, अध्यक्ष डॉक्टर अमृता मयंकर सहित मेडिकल विभाग से जुड़े अधिकारी एवं चिकित्सक बड़ी संख्या में मौजूद रहे शुभारंभ के मौके पर अमित धारीवाल ने कहा कि कोटा में विकास के अभूतपूर्व कार्य सरकार ने करवाए हैं।

चिकित्सा के क्षेत्र में कोटा अब प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है जहां अस्पतालों में अत्याधुनिक सुविधा संसाधनों के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत निशुल्क इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है उन्होंने नवनिर्मित अस्पताल परिसर का अवलोकन भी किया और अस्पताल में विकसित किए गए अत्याधुनिक संसाधनों, सुविधाओं को लेकर प्रदेश का अग्रणी अस्पताल जेकेलोन को बताया।

आपको बता दें कोटा में एमबीएस परिसर में एमबीएस एवं जेकेलोन अस्पताल के विस्तार एवं वेदों की संख्या में बढ़ोत्तरी संसाधनों एवं बिल्डिंग निर्माण के कार्य मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर प्रमुखता से करवाए गए हैं सभी कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं और अब लगातार जनता को समर्पित किये जा रहे है।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में कोटा में चिकित्सा सेवाओं मैं विस्तार कर अस्पताल में बेड की संख्या एवं अत्याधुनिक सुविधाएं एवं संसाधनों का समावेश कर यहां आने वाले रोगियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय सरदाना ने बताया कि चिकित्सा सेवाओं में किए गए विस्तार से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ सुविधाओं में भी बढ़ोतरी से रोगियों को सुलभ इलाज उपलब्ध हो सकेगा साथ ही संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं में लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही हैं।

पीडियाट्रिक विभाग की एचओडी डॉक्टर अमृता मयंकर ने बताया कि चिकित्सा सेवाओं में किए गए विस्तार से जेके लोन अस्पताल में वेदों की संख्या में तो बढ़ोतरी हुई है साथ ही प्रसूताओं की जांच ऑपरेशन थिएटर सहित अन्य चिकित्सा कार्य के लिए अत्याधुनिक संसाधनों का समावेश किए जाने से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा सकेगी।

राजकीय विद्यालयों को आधारभूत सुविधा उपलब्ध करना देश निर्माण का कार्य : आई.जी. खमेसरा

- वर्ष 2020 में किए थे 4 कक्ष 2023 में 6 कक्षों का निर्माण
- सात वर्षों में कोटा शहर में 3 करोड़ की लागत से विभिन्न राजकीय विद्यालयों में 58 कक्षों का निर्माण हुए हैं

कोटा, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय अंबेडकर नगर कुन्हाड़ी कोटा में राउंड टेबल इंडिया के चेप्टर कोटा राउंड टेबल-281 ने 6 कक्षाओं का लोकार्पण सोमवार को किया। इस अवसर में मुख्य अतिथि प्रसन्ना कुमार खमेसरा आईपीएस कोटा रेंज रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि आईजी कोटा प्रसन्न कुमार खमेसरा, एडिशन एसपी पारस जैन, गोविंद राम मित्तल, राउण्ड टेबल के अध्यक्ष गौरव गोयल, राउंड टेबल इंडिया के नेशनल प्रोजेक्ट कन्वीनर 'लव कुमार अग्रवाल मौजूद थे एवं एरिया प्रोजेक्ट कन्वीयर धर्मवीर पांडेय, अध्यक्ष गौरव गोयल, पार्षद अनिल सुवालका, डीसीएस के राजेश दाधीच स्कूल प्रिंसिपल अपर्णा शर्मा ने दीपप्रज्जोलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शाला के विद्यार्थिओ ने सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत किया।

स्वागत भाषण में अध्यक्ष गौरव गोयल ने राउण्ड टेबल की कार्यप्रणाली एवं कार्यो के बारे में मंच से अवगत करवाया उन्होंने बताया कि 34 लाख रूपये की लागत से 6 कक्षो को निर्माण करवाया गया है। इससे पूर्व दिसम्बर 2020 में 4 कक्षो का निर्माण का करवाया जा चुका है कुल 48 लाख रूपये की लागत से 10 कक्ष स्कूल को अध्यापन हेतु समर्पित है। उन्होने बताया कि गत 7 वर्षो में टेबल ने 3 करोड़ की लागत से 58 कक्षो का निर्माण विभिन्न राजकीय विद्यालयों करवाया है।

इसके अलावा दादाबाडी डिस्पेंसरी में प्रसव हेतु मां मेटरनिटी होम का भूमि पूजन किया जाएगा। उन्होने मंच से विभिन्न सेवा कार्यो के बारे में बताया। उन्होने बताया कि टेबल को 7 भामाशाह शिक्षाभूषण पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। मुख्य अतिथि प्रसन्ना कुमार खमेसरा आईपीएस कोटा रेंज ने अपने उद्बोधन में टेबल की पूरी टीम को शुभमानाएं देते हुए कहा कि यह कार्य मात्र कक्षों के निर्माण तक सीमित नहीं है।

यह देश निर्माण का कार्य है यहां पढने वाले विद्यार्थिओं को जब विद्यार्थिओं को उचित व्यवस्था मिलेंगी तो वह अधिक मन लगाकर परिश्रम से अपना अध्यापन करेगा और देश का नाम रोशन करेगा। राउंड टेबल का कार्य देश निर्माण का कार्य है। उन्होने कहा कि इससे पूर्व उच्च प्राथमिक विद्यालय अंबेडकर नगर जो महज 4 कमरों में संचालित था अब 10 कमरो का लाभ विद्यार्थिओ को मिलेगा। उन्होने कहा कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक उच्च कोटी के होते है परन्तु सुविधा व इन्फ्रास्ट्रचर कमजोर होने से विद्यार्थिओ को लाभ नहीं मिल पाता है परन्तु राउण्ड टेबल जैसी संस्थाओ के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र इस समस्या का निदान होगा। एरिया प्रोजेक्ट कन्वीयर धर्मवीर पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा संबल देने लिऐं एक मिशन बनाकर राउण्ड टेबल इण्डिया कार्य कर रही है आज अम्बेडकर नगर कुन्हाड़ी में कक्षो को लोकार्पण इसी श्रृंखला का हिस्सा है। राउण्ड टेबल इण्डिया 20 वर्षो में भारत में 7900 से अधिक कक्षा-कक्षो का निर्माण करवा चुका है। पिछला 7 वर्षो राजस्थान के 8 शहरों 1100 से अधिक कक्षा-कक्षो का निर्माण किया जा चुका है और कोटा मे आज 6 कक्षो के लोकापर्ण के बाद कोटा में 58 कक्षो का निर्माण पूर्ण हुआ है। इस अवसर उपस्थित एसएसआई के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल ने कहा कि संस्था को डी-सेंटरलाईज होकर कार्य करने की सलाह दी।

शाला की प्रिसिंपल अर्चना शर्मा ने कहा कि टेबल ने अल्प समय में ही सभी 6 कक्षाओं का निर्माण करवाया और साथ ही निर्माण कार्य के समय अध्यापन में किसी भी प्रकार की रूकावट ना हो इसकी लिए भी उचित व्यवस्था करवाई।

टेबल के प्रयास से राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय अंबेडकर नगर कुन्हाड़ी में 10 कक्ष निर्माण हो चुके है शाला का प्रयास होगा कि अब जल्द ही विज्ञान संकाय के लिए स्कूल मान्यता लाकर क्षेत्र के विद्यार्थिओं को लाभांवित कर सके।

सार-समाचार

सूचना केन्द्र में फोटो प्रदर्शनी आज से

कोटा, (निसं)। 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में जिला निर्वाचन कार्यालय के तत्वावधान में नयापुरा स्थित सूचना केन्द्र में 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे से फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी दो दिन चलेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दोपहर 1 बजे जिला स्तरीय मुख्य समारोह सूचना केन्द्र में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 18-19 वर्ष आयु के नए पंजीकृत मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित मतदाताओं व नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी तथा नए पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नए पंजीकृत मतदाताओं को "मतदाता होने पर गर्व है मतदान के लिए तैयार है" पर आधारित बैज भी वितरित किए जाएंगे।

'बीस सूत्री कार्यक्रम के लक्ष्य पूरे करें'

कोटा, (निसं)। बीस सूत्री कार्यक्रम (द्वितीय स्तरीय) क्रियान्वयन समिति की बैठक जिला कलक्टर ओ.पी. बुनकर की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम के सभी सूत्रों में प्रगति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए मार्च का इंतजार ना करें। इसी माह लक्ष्य पूर्ण करें। कम प्रगति वाले सूत्रों में संबंधित अधिकारियों को विशेष ध्यान देते हुए वांछित प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सूत्रों में श्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बृजमोहन बैरवा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल आज

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस समारोह के आयोजन के लिए गुरूवार 26 जनवरी को होने वाले मुख्य समारोह से पूर्व मंगलवार 24 जनवरी को प्रातः 9:15 बजे महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित किया जाएगा। अतिरिक्त कलक्टर शहर बृजमोहन बैरवा द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल का अवलोकन किया जाएगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम 25 को

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार 25 जनवरी को श्रीनाथपुरम स्थित यूआईटी ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सायं 5:30 बजे से आरंभ होगा। इसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी देशभक्ति के ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

जेईई-मेन : कुछ विद्यार्थियों के परीक्षा से एक दिन पूर्व भी एडमिट कार्ड जारी नहीं हुए

- परीक्षा शहर और तिथि बदल रहे हैं

कोटा, (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2023 मंगलवार, 24 जनवरी से शुरू होने जा रही है। इसके लिए विद्यार्थी भी तैयार हैं और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की भी तैयारियां पूरी हो गई है। हालांकि कई विद्यार्थी ऐसे हैं जो परीक्षा को लेकर बहुत परेशान हो गए हैं, क्योंकि परीक्षा के एक दिन पहले तक उन्हें अपने परीक्षा केन्द्र की उचित जानकारी नहीं मिल पाई है।

परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी तक होगी। 28 जनवरी को बीआर्क की परीक्षा होगी। परीक्षाएं दो शिफ्टों में सुबह 9 से 12 और दोपहर 3 से 6 बजे के बीच में होगी। देश के 290 और विदेश में 18 शहरों में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के लिए 9.15 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। राजस्थान में 17 शहरों में परीक्षा होगी, जिसमें अजमेर, अलवर, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चित्तौड़, दौसा, हनुमानगढ़, जयपुर, झुंझुनूं, जोधपुर, कोटा, सीकर, सिरोही, श्रीगंगानगर व उदयपुर में परीक्षा केन्द्र होंगे। पहले दिन कोटा शहर में बिट्स एण्ड बाइट, वाइबल एजुकेशन और डिजिटल डेस्क में परीक्षा होगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि परीक्षा के एक दिन पूर्व तक एडमिट कार्ड नहीं आने की स्थिति में कई विद्यार्थी परेशान हो गए हैं।

विद्यार्थियों का कहना है कि उन्हें फाइनल एडमिट कार्ड जारी नहीं हुआ है। पूर्व में जब परीक्षा शहर जारी किए गए तो उसमें चारों विकल्पों में भरे गए परीक्षा शहर नहीं थे, ऐसे में एनटीए को ई-मेल कर जानकारी दी। इसके बाद अभी तक एडमिट कार्ड जारी नहीं हुए हैं। इस संबंध में एनटीए ने विद्यार्थियों को ई-मेल के जरिए जानकारी दी है, जिसमें बताया कि विद्यार्थियों द्वारा भरे गए विकल्पों में से किसी एक शहर में परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा।

साथ ही कुछ विद्यार्थियों को जिनकी बोर्ड परीक्षाएं एवं प्रेक्टिकल एग्जाम जेईई-मेन परीक्षा से टकरा रहे थे, उनको नई परीक्षा तिथि के संबंध में ई-मेल द्वारा सूचित किया गया है। परन्तु ऐसे विद्यार्थी जिनको उनकी भरे हुए परीक्षा शहरों में से ही परीक्षा देने के लिए पूर्व में जानकारी दी गई है, इनमें से भी कई विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं हुए हैं, उन्हें जल्द जानकारी देने के लिए कहा गया है। ऐसे में बड़ी संख्या में विद्यार्थी जेईई-मेन एनटीए द्वारा परीक्षा प्रबंधन को लेकर विरोध में है। आहूजा ने बताया कि जेईई-मेन 2023 परीक्षा मंगलवार से शुरू होने जा रही है। पहले दिन बीई-बीटेक की परीक्षा दो पारियों में सीबीटी मोड पर होगी। 25 को भी बीई-बीटेक की परीक्षा होगी।

इसके बाद 26 व 27 को कोई परीक्षा नहीं है तथा 28 को बीआर्क की परीक्षा होगी। 29 जनवरी से 1 फरवरी तक पुनः बीई-बीटेक के लिए परीक्षा होगी। कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड पर दिए गए स्वयं के रिपोर्टिंग टाइम पर रिपोर्ट करना है। स्टूडेंट्स पेपर प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व दिए गए सिस्टम पर लॉगिन कर सकता है। लॉगिन कर स्टूडेंट्स को दिए गए इंस्ट्रक्शंस को अच्छी तरह से पढ़ना चाहिए। स्टूडेंट्स परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्रों को हल करने की स्पीड एवं एक्यूरेसी में संतुलन बनाए रखें, ताकि उनका प्रश्न पत्र निर्धारित समय में हल हो सके।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय मीडिया संयोजक कुलदीप माथुर ने बताया कि आजादी के महानायक जिन्होंने देश को नई धाराओं से जुड़ा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पूरे प्रदेश धूमधाम से मनाया गया।

नेताजी के जन्मदिवस पर कोटा में स्थित सुभाष सर्किल पर नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पमाला चढ़ाकर व तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहे नारों के साथ जयंती को धूमधाम से मनाई। कुलदीप माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 21अक्टूबर 1943 को नेताजी ने आजाद हिंदं फौज का गठन किया। उस समय पर सिंगापुर मे उनका भव्य स्वागत हुआ। अपने भाषण में नेताजी ने कहा कि हमे आजादी भीख मे नही चाहिए उसे हमे छीन कर लेना पड़ेगा हमारे खून भी बहेंगे, जान भी जाएगी हमें हर तरह से कुचला भी जाएगा, पर हम अपना संघर्ष करना नहीं छोड़ेगे।

बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

कोटा, (निसं)। जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने निर्देश दिए हैं कि राज्य सरकार की सभी फ्लैगशिप योजनाओं में ऐसा काम हो कि प्रदेश में जिले की उच्च रैंकिंग रहे।

उन्होंने सोमवार को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं, कार्यक्रमों, बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, विभागीय योजनाओं की प्रगति, चयनित पिछड़े ब्लॉक की प्रगति की समीक्षा एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सभी योजनाओं में प्रगति की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति की जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति इनका लाभ लेने से वंचित नहीं रहे। जिला प्रभारी मंत्री द्वारा गत बैठक में दिए निर्देशों की पालना के निर्देश दिए।

रोजगार हेतु प्लेसमेंट शिविर का आयोजन

कोटा, (निसं)। राजकीय महाविद्यालय, कोटा में सोमवार को छात्र-छात्राओं को रोजगार हेतु कैरियर इरा द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया सजिसमें 64 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्लेसमेंट सेल संयोजक डॉ सुमन शर्मा ने छात्र-छात्राओं को रोजगार हेतु प्राइवेट सेक्टर में रोजगार तलाशने हेतु जोर दिया और कैरियर इरा से पधारे प्रतिनिधियों का परिचय दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अरुण कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल द्वारा समय-समय पर बीएससी पास आउट एवं अध्ययनरत छात्र छात्राओं को कैंपस से ही रोजगार प्राप्त करने के लिए विभिन्न कंपनियों को आमंत्रित किया जाता है इसी क्रम में कैरियर इरा द्वारा आयोजित प्लेसमेंट शिविर में विद्यार्थी अपनी अभिरुचि के अनुसार भाग लेवें एवं सफलता प्राप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में कॉलेज शिक्षा के सहायक निदेशक डॉ रघुराज परिहार ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन करते हुए महाविद्यालय में होने वाली प्लेसमेंट सेल की गतिविधियों में अधिकाधिक भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

कैरियर इरा के प्रतिनिधि अविनाश कर्न, नई दिल्ली हेड क्वार्टर से काउंसलिंग हेतु आए। उन्होंने डाटाफील्ड, ए.आई. एम.आई., साइबर सिक्योरिटी पर अपना व्याख्यान दिया। आगे इच्छुक विद्यार्थियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग कोर्स के ऑफर दिए। ट्रेनिंग के बाद डेलोइट, अमेजन, फ्लिपकार्ट, एचसीएल, टेक महिंद्रा, हनीवेल ऑटोमेशन जैसी कंपनियों में 6 से 8 लाख के पैकेज पर जॉब ऑफर देने का प्रस्ताव दिया। प्रतिनिधि आलोक अग्रवाल ने सभी को विभिन्न कोर्स में ट्रेनिंग हेतु केरियर इरा के कोटा कार्यालय पर आमंत्रित किया है।

यूआईटी सचिव को ज्ञापन सौंपा

कोटा में कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन ने न्यास सचिव को ज्ञापन सौंपा।

कोटा, (निसं)। प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन कोटा के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष राजेश खंडेलवाल के नेतृत्व में संस्थापक अध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री गिरिराज शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह हाड़ा, कोषाध्यक्ष हरीश गालव, पार्षद ईश्वर शर्मा, संजय विजय ने यूआईटी सचिव राजेश जोशी को विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

एसोसिएशन के महामंत्री गिर्राज शर्मा ने बताया कि ज्ञापन के द्वारा बताया गया है कि नगर विकास न्यास कोटा द्वारा राज्य सरकार के आदेश 20, नवंबर, 2022 आदेशानुसार 2019 के बाद आवंटित भूखंड की बकाया राशि पर ब्याज व शास्ती की छूट का आदेश हुआ है, किंतु विगत दो माह से नगर विकास न्यास के अधिकारी उक्त आदेश की अवहेलना कर रहे हैं, जबकि राज्य सरकार द्वारा भूखंडों की बकाया राशि पर ब्याज व शास्ति की छूट का अवसर देकर आम जनता को राहत देने का कार्य किया जा रहा है, उस आदेश की पालना नहीं की जा रही।

साथ ही और भी भूखंड मकान संबंधित पत्रावली के निस्तारण में आ रही परेशानियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन की मांगों पर नगर विकास न्यास सचिव राजेश जोशी ने शीघ्र ही राज्य सरकार के आदेश की पालना करने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि नगर विकास न्यास के कार्यों से संबंधी यदि आमजन आमजन और प्रॉपर्टी डीलर्स को आ रही अन्य समस्याओं का भी निराकरण शीघ्र किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष राम गिडवानी, उपाध्यक्ष बुधराजा, हेमंत जैन, नागेश गुप्ता जितेंद्र राजपाल मनीष व्यास, पवन शर्मा, चंद्रशेखर मित्तल, नवीन शर्मा, लोकेंद्र जांगिड़, मनीष खंडेलवाल, प्रेम लाहौरिया आदि उपस्थित रहे।

पुनर्वास के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन दिया

कोटा, (निसं)। स्टेशन स्थित रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण कर कई वर्षो से निवास कर रहे नगर निगम कोटा उत्तर की वार्ड संख्या 45 के परिवारों का नगर विकास न्यास कोटा द्वारा सर्वे करवाकर पुनर्वास प्रस्तावित किया गया जिसकी सर्वे सूची का प्रकाशन भी हो गया है। जिसमें अनियमितता व भ्रष्टाचार कर कई पात्र लोगों को पुनर्वास के लाभ से वंचित रखते हुए अपात्र लोगों को पुनर्वास का लाभ प्रदान कर दिया गया है।

इस अनियमितता की जांच व पात्र लोगों के पुनर्वास की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी रेलवे कॉलोनी मंडल के पूर्व अध्यक्ष किशन प्रजापति व योगेंद्र क्रांतिकारी के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों व पुनर्वास से वंचित रहे लोगों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर जांच की मांग की। सभी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हरिजन बस्ती, उड़िया बस्ती में कई ऐसे लोगों का नाम सर्वे सूची में है जो रेलवे की भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाकर वर्षों से रह रहे हैं और रेलवे से मकान किराया भत्ता भी ले रहे हैं, कुछ लोग ऐसे है जिनका पहले पुनर्वास हो चुका है, कई नाम ऐसे हैं जो नगर निगम में स्थाई कर्मचारी हैं,

- जांच कर पात्र निवासियों को पुनर्वास करने की मांग

कोटा जिला कलेक्टर को जांच के लिए ज्ञापन सौंपा गया है।

यही नहीं एक उदाहरण ऐसा भी है जहां पति पत्नी दोनों का अलग-अलग नाम से पुनर्वास किया जाने हेतु नाम सर्वे सूची में है। वंचित रहे लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार नगर विकास न्यास एवं सत्ताधारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपने पुनर्वास की मांग एवं अपात्र लोगों के पुनर्वास की जानकारी दी परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सभी ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि नगर विकास न्यास द्वारा कोटा उत्तर नगर निगम के वार्ड 45 में घोर अनियमितताओं से भरी सर्वे सूची के आधार पर जिस प्रकार अपात्र लोगों को पुनर्वास का लाभ प्रदान कर पात्र लोगों को पुनर्वास के लाभ से वंचित रखा गया है उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कर पात्र लोगों का पुनर्वास किया जाना चाहिए।

वार्ता के दौरान जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल से पुनर्वास से वंचित रहे लोगों की सूची उपलब्ध करवाने को कहा व उन्हें आश्वासन दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति पुनर्वास के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंडल अध्यक्ष किशन प्रजापति, योगेंद्र क्रांतिकारी, पार्षद संदीप नायक, नंदकिशोर मेवाड़ा, नवल सिंह हाड़ा, राकेश सुमन पुटरा, रामगोपाल लोधा, रवि मीणा, पूजा सुमन, पूजा केवट, भाजपा नेता मनीष शर्मा, पंडित अनिल औदिच्य, प्रशांत सक्सैना, मोहन सैनी, मनीष गुर्जर, मनीष कांत कछावा शामिल थे।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3929 जाहिर आम सूचना दिनांक - 9.1.2023

आवास संख्या 4-सी-23 रंगबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री भंवर सिंह हाडा पुत्र श्री मदन सिंह हाडा को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री दिनेश कुमार शर्मा पुत्र श्री मांगीलाल शर्मा के नाम दिनांक 27.06.2013 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री दिनेश कुमार शर्मा पुत्र श्री मांगीलाल शर्मा के नाम दिनांक 11.07.2013 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्री दिनेश कुमार शर्मा पुत्र श्री मांगीलाल शर्मा द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 22.08.2013 को श्रीमती मंजू गुप्ता पत्नी श्री पुरुषोत्तम दास गुप्ता को किया गया। श्रीमती मंजू गुप्ता पत्नी श्री पुरुषोत्तम दास गुप्ता द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 12.06.2015 को डॉ. मीनल गुप्ता पत्नी डॉ. राधाबल्लभ गुप्ता एवं डॉ. राधाबल्लभ गुप्ता पुत्र श्री बृजभूषण गुप्ता को संयुक्त रुप से किया गया। डॉ. मीनल गुप्ता पत्नी डॉ. राधाबल्लभ गुप्ता एवं डॉ. राधाबल्लभ गुप्ता पुत्र श्री बृजभूषण गुप्ता का नाम दिनांक 10.02.2015 को मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज किया जा चुका है। तत्पश्चात डॉ. मीनल गुप्ता पत्नी डॉ. राधाबल्लभ गुप्ता एवं डॉ. राधाबल्लभ गुप्ता पुत्र श्री बृजभूषण गुप्ता द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 02.12.2020 को श्री अनुराग सिंह भदौरिया पुत्र श्री विपिन चन्द भदौरिया एवं श्रीमती ज्योति सिंह पत्नी श्री अनुराग सिंह भदौरिया को संयुक्त रुप से किया गया। श्री अनुराग सिंह भदौरिया पुत्र श्री विपिन चन्द भदौरिया एवं श्रीमती ज्योति सिंह पत्नी श्री अनुराग सिंह भदौरिया द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री अनुराग सिंह भदौरिया पुत्र श्री विपिन चन्द भदौरिया एवं श्रीमती ज्योति सिंह पत्नी श्री अनुराग सिंह भदौरिया के नाम संयुक्त रुप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री अनुराग सिंह भदौरिया पुत्र श्री विपिन चन्द भदौरिया एवं श्रीमती ज्योति सिंह पत्नी श्री अनुराग सिंह भदौरिया का नाम संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री अनुराग सिंह भदौरिया पुत्र श्री विपिन चन्द भदौरिया एवं श्रीमती ज्योति सिंह पत्नी श्री अनुराग सिंह भदौरिया के नाम संयुक्त रुप से दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2023/1041 दिनांक:-20.1.23

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवासीय योजना के आवास संख्या 1051 का दिनांक 20.12.2001 को श्री अनिल कुमार पुत्र श्री जमीयत राय के नाम आवंटन किया गया था। श्री अनिल कुमार पुत्र श्री जमीयत राय द्वारा उक्त आवास जर्ये मुख्तारआम श्री खेमचन्द जैन पुत्र श्री सुन्दर लाल जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.11.2022 को श्रीमती अनिला जैन पुत्र श्री महेन्द्र जैन को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती अनिला जैन पुत्र श्री महेन्द्र जैन द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 1051 श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवासीय योजना का नामहस्तान्तरण श्रीमती अनिला जैन पुत्र श्री महेन्द्र जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2023/2200 विज्ञप्ति दिनांक:-23.01.2023

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम सकतपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना विकास नगर में स्थित भूखंड संख्या 18 का पूर्वी भाग आवेदक/आवेदिका श्री जगन्नाथ सिंह नरुका पुत्र श्री पृथ्वी सिंह नरुका निवासी डी-29 पंचवटी नगर कुन्हाड़ी कोटा नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा आदेश क्रमांक 9148 दिनांक 18.03.2011 को श्रीमती उच्छव कंवर पत्नी श्री नन्द किशोर हाडा के नाम जारी किया गया था। पट्टेधारी की मृत्यु पश्चात श्री नन्द किशोर हाडा पुत्र श्री नाथू सिंह के नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 375 दिनांक 29.10.2015 को जारी किया गया। श्री नन्द किशोर हाडा द्वारा जर्ये मुख्तारआम भंवर सिंह नरुका पुत्र श्री नारायण सिंह नरुका द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 03.05.2016 श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री बलराम शुक्ला को किया गया। श्रीमती विमला देवी द्वारा बिना नाम हस्तान्तरण कराये उक्त भूखंड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 02.12.2019 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री जगन्नाथ सिंह नरुका पुत्र श्री पृथ्वी सिंह नरुका के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2023/10601 दिनांक: 23.1.23

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वरुण शृंगी पुत्र डॉ. श्री अश्विनी शृंगी एवं श्रीमती इन्दु शृंगी पत्नी डॉ. श्री अश्विनी शृंगी निवासी भूखंड संख्या 756 शास्त्री नगर दादाबाड़ी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 316 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 40'x40'=1600 वर्गफुट में से पूर्वी भाग भूखंड संख्या 316/ए शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 20'x40'=800 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 316 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 1600 वर्गफुट आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल सिंचाई योजना कोटा का आवंटन पत्र क्रमांक 6109 दिनांक 22.01.1965 से श्री फुलचंद पुत्र श्री गेंदी लाल को किया गया। श्री फुलचंद ने जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 27.02.1974 से उक्त भूखंड श्री अवध बिहारी दीक्षित पुत्र श्री लाल बिहारी दीक्षित तथा श्रीमती जानकी देवी पुत्री श्री दाता राम जगन्नाथ को विक्रय कर दिया। कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा पत्र क्रमांक एफ-4/विक्रय/79/564-565 दिनांक 24.07.1979 से उक्त भूखंड का स्वामित्व श्रीमती जानकी देवी एवं श्री अवध बिहारी दीक्षित के नाम हस्तांतरित किया गया। श्रीमती जानकी देवी एवं श्री अवध बिहारी दीक्षित ने जर्ये नोटेरी शपथ पत्र से उक्त भूखंड के किए उपविभाजन में श्रीमती जानकी देवी को उक्त भूखंड का पूर्वी आधा भाग क्षेत्रफल 800 वर्गफुट प्राप्त हुआ। श्रीमती जानकी देवी ने उक्त भाग की वसीयत जर्ये रजिस्टर्ड वसीयत नामा दिनांक 30.03.2015 से श्री वरुण शृंगी पुत्र डॉ. श्री अश्विनी शृंगी एवं श्रीमती इन्दु शृंगी पत्नी डॉ. श्री अश्विनी शृंगी के नाम कर दी। श्रीमती जानकी देवी का देहावसान दिनांक 21.06.2017 को हो जाने के कारण आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2023/10600 दिनांक: 23.1.23

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनिता झमटानी पत्नी श्री सुदामा झमटानी निवासी भूखंड संख्या बी-103 इन्द्र विहार आवासीय योजना कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या बी-103 इन्द्र विहार आवासीय योजना कोटा क्षेत्रफल 167.17 वर्ग मीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण कराने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या बी-103 इन्द्र विहार आवसीय योजना कोटा क्षेत्रफल 167.17 वर्ग मीटर का स्वामित्व कार्यालय वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक रीको लि. कोटा द्वारा पत्र क्रमांक यू(16)-3(14-)/9778-80 दिनांक 05.02.2022 से श्रीमती माधुरी कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री प्रदीप कुलश्रेष्ठ के नाम हस्तांतरित किया गया। श्रीमती माधुरी कुलश्रेष्ठ ने उक्त भूखंड जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.03.2009 से श्री सुदामा मल झमटानी पुत्र श्री ईदन दास एवं श्रीमती अनिता झमटानी पत्नी श्री सुदामा मल झमटानी को विक्रय कर दिया। श्री सुदामा झमटानी का देहावसान दिनांक 04.03.2021 को हो जाने के उपरांत श्री सुदामा झमटानी के विधिक वारिसान श्रीमती वंशिका पुरसवानी पुत्री स्व. श्री सुदामा झमटानी पत्नी श्री धीरज पुरसवानी एवं सुश्री सारिका झमटानी व सुश्री ममता रानी पुत्रिया स्व. श्री सुदामा झमटानी ने जर्ये रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 21.04.2022 से उक्त भूखंड में से स्वयं का हक श्रीमती अनिता झमटानी पत्नी स्व. श्री सुदामा झमटानी के पक्ष में त्याग दिया। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण